हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 25 दिसंबर 2024, समय 1810 (10 मिनट)

- आज पूर्व प्रधानमंत्री  सवर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस मनाया गया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को संवेदनशील होकर लोगों की समस्याओं का निवारण करने का संदेश दिया।

- केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि नागरिकों को पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ घर बैठे योजनाओं का लाभ मिलना ही सुशासन है।

- कैथल जिले ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया।

- आज क्रिसमस का त्योहार श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया जा रहा है।

***********

आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर हरियाणा में भी सुशासन दिवस मनाया गया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय सुशासन दिवस समारोह को संबोधित करते हुए अधिकारियों को जन सेवा का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों को संवेदनशील होकर लोगों की समस्याओं का निवारण करना चाहिए। उन्होंने सुशासन दिवस पर हरियाणा को ऐसा प्रदेश बनाने का संकलप लेने का आह्वान किया जहां विकास समावेशी हो और हर नागरिक को अपनी क्षमताओं को पहचानने और निखारने का अवसर मिले।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में बी जे पी सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन से सुशासन और सुशासन से सेवा का अभियान शुरू किया था। उन्होंने कहा कि सरकार ने ई-शासन की विभिन्न पहलों को अपनाते हुए सुशासन का सफर तय किया है।

सी एम

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने अनेक निर्णय लेकर जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। आज नागरिकों को घर बैठे सुविधाओं का लाभ मिल रहा है, यही सुशासन का सबसे बड़ा मंत्र है।श्री नायब सिंह सैनी ने भारत रत्न से सम्मानित पंडित मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन किया और कहा कि यह दिन सभी को एक बेहतर और सशक्त राष्ट्र के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने की प्रेरणा देता है ।

********

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने सुशासन दिवस पर कहा कि नागरिकों को पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ घर बैठे मिलना ही सुशासन है। फरीदाबाद में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि अटल जी ने देश को सुशासन का रास्ता दिखाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मूल मंत्र पर काम करते हुए देश प्रगति कर रहा है।
श्री गुर्जर ने कहा --

कृष्णपाल गुर्जर

समारोह में जिला प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

**********

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने पानीपत में आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 1998 में जिस प्रकार से सुशासन की परिकल्पना की थी, ठीक उसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुशासन की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

श्री जांगड़ा ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मीडिया से रूबरू होते हुए श्री जांगड़ा ने कहा -

रामचंद्र जांगड़ा

उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य में बिना खर्ची बिना पर्ची नौकरियां मिलन भी सुशासन का एक बड़ा उदाहरण है।

**********

राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला ने कहा कि गत दस वर्षों में मिशन मोड पर कार्य करते हुए सुशासन की परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है। हरियाणा सरकार ने इस दौरान जनमानस के जीवन को सरल और सुगम बनाने के लिए सराहनीय कार्य किया है।

जींद में सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के पश्चात पत्रकारों से बातचीत में

श्री बराला ने कहा -

सुभाष बराला

उन्होंने इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को श्रद्धांजलि दी और अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सम्मानित भी किया ।

***********

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने आज अंबाला शहर में सुशासन दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।उन्होंने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनकी शख्सियत और आदर्शों को याद किया ।
श्री कार्तिकेय ने कहा -

कार्तिकेय

अपने संबोधन में सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने न सिर्फ देश भक्ति के आदर्श स्थापित किए बल्कि वास्तविक रूप में विकसित भारत की नींव रखने का काम भी किया। उनके लिए सुशासन का मतलब अच्छी बुनियादी शिक्षा और गांव व वहां रहने वाले लोगों की तरक्की था।

***********

कैथल जिले ने हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह पुरस्कार गुरुग्राम में आयोजित राज्यस्तरीय सुशासन दिवस समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कैथल प्रशासन का प्रतिनिधित्व कर रहे सिटी मैजिस्ट्रैट गुरविंद्र सिंह एवं जिला सूचना एवं प्रोद्यौगिकी अधिकारी दीपक खुराना को प्रदान किया। कैथल प्रशासन ने सेवा, वितरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, कानून व्यवस्था, विकास और पंचायत, नवाचार, प्रायोगिक परियोजनाओं और स्वच्छ भारत मिशन सहित विभिन्न मापदंडों के आधार पर 100 में से 62.68 औसत अंक हासिल किए है

***********

सुशासन दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कुरुक्षेत्र जिला कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की याद में एक प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन राज्यमंत्री राजेश नागर ने किया। बी जे पी जिलाध्यक्ष सुशील राणा भी उनके साथ मौजूद रहे। राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि अटल जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा

का स्रोत है। उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों और उनके अद्वितीय नेतृत्व को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

**********

आज क्रिसमस का त्योहार पूरी श्रद्धा और उत्साह से मनाया जा रहा है।चंडीगढ़ और पंचकूला के गिरजा घरों में ईसा मसीह को याद किया जा रहा है।भिवानी के नया बाजार स्थित गिरजा घर में सुबह प्रार्थना सभा हुई तथा भंडारे का तौर पर प्रसाद वितरण किया गया।सभी गिरजा घरों को रोशनियों से सजाया गया है।

***********

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर प्रयागराज से भिवानी तक आने वाली कालिंदी एक्सप्रेस का विस्तार सिरसा तक करने का अनुरोध किया है। इसके इलावा उन्होंने जोधपुर से हिसार तक चलने वाली रेल गाड़ी को सिरसा तक बढ़ाने और नई दिल्ली से महम, रोहतक, हांसी और हिसार होते हुए सिरसा तक नई इंटरसिटी गाड़ी चलाने की मांग भी की है। ।मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कालिंदी एक्सप्रेस का सिरसा तक विस्तार होने से सिरसा के हजारों श्रद्धालु और साधु-संत सीधे प्रयागराज जा कर महाकुंभ में स्नान का धर्म लाभ उठा सकेंगे । प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा स्नान के साथ होगी, जो कि 26 फरवरी यानि महाशिवरात्रि तक रहेगा।साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को एक पत्र लिखकर सिरसा के पार्क और हरित पट्टी के रखरखाव के लिए किसी एक विभाग की जिम्मेदारी तय करते हुए पार्क का जीर्णोद्धार करवाने की मांग भी की है।